तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि


# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 9 जनवरी 2024

10 30 से अधिक ट्रेनें होंगी कैंसिल, मेगा ब्लॉक से बढ़ेंगी ...



11 पांच महीने में पूरा होगा नवा रायपुर स्टेशन पहले ...





## खबर संक्षेप

### 11 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

**बेमेतरा।** जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उदेश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा कार्यालय परिसर रुम नं. 65 में 11 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। सुनसूर सृष्टी इंडिया पीवीटटी लिमिटेड गोंदिया एम.एच. द्वारा सेल्स मैनेजमेंट के 45 पद, योग्यता 10वीं, आयु 18-45, वेतनमान 10,000 कार्यक्षेत्र बेमेतरा और दुर्ग हेतु भर्ती किया जाना है। कैम्प हेतु इच्छुक नियोजक कोविड-19 के सुरक्षा निर्देशों का पालन अनिवार्य रुप से करेंगे। जिला रोजगार कार्याजय नियोजक (निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है। यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य पूर्ण जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। अधिसूचित रिक्त पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एवं समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा में 11 जनवरी को उपस्थित हो सकते है।

### ठोकर से युवक की मौत

**भिलाई।** अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली भिलाई नगर ने बताया किसंजय नगर सुपेला निवासी कोमल साहू को पंथी चौक के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। हादसे में कोमल ने दम तोड़ दिया। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### बीएसपी कर्मी की लाश रेलवे ट्रैक पर मिली

**भिलाई।** बीएसपी के रेल मिल के कर्मी की शव रेलवे ट्रैक पर पड़ी मिली। सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने मामले की जांच में जुटी हुई है। नेवई पुलिस ने बताया कि जैन मंदिर स्थित धनोरा रोड, शराब भट्ठी के पीछे रेल लाइन पर लाश मिलने की सूचना पर पहुची। जहां शव को देखने पर पतासाजी करने के बाद रेल में पदस्थ कर्मी प्रवीण देशमुख 50 वर्ष के रुप में शिनाख्त किया गया। मृतक के बारे में आधार कार्ड और उसके मोबाइल फोन से पुलिस ने पहचान किया। दोनों उसके जेब से पुलिस ने बरामद किया है। शुक्रवार की रात प्रवीण की लाश रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षित लाश मिली थी। कर्मी की हत्या कर शव फेंका या फिर उसने आत्महत्या किया है। इसकी जांच में पुलिस जुटी हुई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि प्रवीण अपने काम पर शुक्रवार से प्लांट जाने के लिए निकले थे। लेकिन देर रात घर नहीं लौटने पर परिजन लापता होने की शिकायत करने नेवई पहुचे थे।

## हादसा

### कठिया के भव्य सृष्टि उद्योग में शॉट-सर्किट से लगी आग से करोड़ों का सामान जलकर खाक

# ब्लॉस्ट के साथ उठा आग का गोला और देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री हो गई खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा


जिले के ग्राम कठिया स्थित भव्य सृष्टि उद्योग में आगजनी से करोड़ों का स्टॉक जलकर राख हो गया। अज्ञात कारणों से लगी आग की भीषण लपटों में करोड़ के नुकसान का अनुमान लगाया गया है ।

गौरतलब हो कि बेरला ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कठिया स्थित भव्य सृष्टि उद्योग जो बांस का क्रैश बैरियर, और बाउंड्री वॉल पोल का निर्माण का कार्य करती है , जिसमें रविवार देर रात 9:45 बजे आग लग गई। इस आगजनी में कंपनी को करीब 10 से 12 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। जानकारी अनुसार शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगना बताया जा रहा है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार आग की लपटे भयंकर भयावह रही, आसमान में आग के गोले और धुंआ छाया रहा। आगजनी की जानकारी मिलने पर कंपनी के कर्मचारी अपने स्तर पर आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। वहीं डायरेक्टर गणेश वर्मा को जानकारी दी उन्होंने दमकल वाहन को सूचना दी। बेमेतरा से दमकल अमला ढ़ेर से 2 घंटे लेट पहुंचा, तब तक क्रैश बैरियर का करोड़ों का निर्मित स्टॉक, फेंसिंग पोल, एक कार, डीआई, बाइक, कारखाने के भीतर नया ऑफिस सेटअप, मशीनरी और शेड आदि जलकर खाक हो गया। लगभग 70% फैक्ट्री और 90% से अधिक मटेरियल्स जलकर राख हो गया। सुबह तक भारी मशक्कत करने के बाद दमकल विभाग और स्थानीय कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया।

- दो घंटे बाद पहुंचा दमकल का अमला
- बांस का क्रैश बैरियर, बाउंड्री वॉल पोल जलकर राख

**कई घंटों की मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू**







### ब्लास्ट के साथ शेड में लगी आग, करोड़ों का नुकसान

डायरेक्टर गणेश वर्मा ने बताया कि रात में आग लगने के उपरांत ब्लास्ट हुआ और कारखाने के शेड सहित अन्य स्थलों में आग फैल गई। यह आगजनी शार्ट सर्किट के कारण हुई है। आग के काबू में आने तक करोड़ों रुपए का नुकसान हो चुका था। क्रैश बैरियर पूरा सेटअप तैयार किया गया था। इस आगजनी में पूरा सेटअप जलकर खाक हो गया है, कारखाने में रखें क्रैश बैरियर का करोड़ों का निर्मित स्टॉक समेत अन्य सामान भी जलकर खाक हो गए हैं । श्री वर्मा ने बताया कि शासन-प्रशासन का सहयोग मिला, लेकिन एक ही दमकल वाहन पहुंच पाया।

### हादसे में कोई हताहत नहीं, भारी नुकसान की आशंका

दरअसल जब कारखाने में आग लगी तो तुंरत ही फायर ब्रिगेड के लिए प्रशासन को विभिन्न स्तरों में सूचना दी गयी थी। किन्तु सबसे गम्भीर समस्या समीप के नगरीय इलाकों में दमकल वाहन का न होना, अन्यथा उपयोग के समय अक्षम पाया जाना आग फैलने में बड़ा जिम्मेदार साबित होता रहा है। हालांकि फैक्ट्री में किसी प्रकार की जनहानि तो नहीं हुई परंतु संबंधित प्रतिष्ठान का अच्छा खासा नुकसान हो गया। पर प्रश्न यह उठता है कि जिले के किसी भीड़भाड़ इलाके में अगर यह स्थिति उत्पन्न हो जाती तो फायर ब्रिगेड की व्यवस्था एक तरह से नहीं के बराबर है। आम नागरिकों का प्रश्न है कि आखिर ऐसी स्थिति याने आगजनी फिर से किसी जगह पर हो गई, तब आम वर्ग कैसे इस हालात से निपटेगा? क्योंकि अधिकांश जगह की फायर ब्रिगेड या तो खस्ता हालत में है या फिर पूरी तरह से आगजनी को काबू करने में अनफिट है।

# साजा में किया गया महिला मानसिक रोगी का रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




पी.एल.वी. सोनिया राजपूत एवं पवन साहू ने सखी वन स्टाप सेंटर महिला एवं बाल विकास विभाग की केस वर्कर श्रीमती सीमा यदु के साथ मिलकर महिला मानसिक रोगी को रेस्क्यू किया है। साजा क्षेत्र में ग्रामवासियों द्वारा जानकारी दिये जाने पर 27 वर्षीय महिला जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, के पास जाकर, उससे मिलकर बातचीत करने के उपरांत उसे रेस्क्यू कर जिला अस्पताल बेमेतरा में प्राथमिक उपचार हेतु लाया गया। प्राथमिक उपचार में महिला प्रथम दृष्टया मानसिक रोगी होना दर्शित हुई। पी.एल.वी. सुश्री सोनिया राजपूत एवं पवन कुमार साहू ने केस वर्कर सीमा यदु के साथ मिलकर उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय लाया और वहां से महिला मानसिक रोगी के परिजनों का पता तलाश नहीं मिलने के बाद उसे अग्रिम उचित चिकित्सकीय ईलाज हेतु मानसिक चिकित्सालय सेन्द्री बिलासपुर भेजे जाने हेतु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा से रिफरल आदेश प्राप्त कर महिला मानसिक रोगी को सेन्द्री मानसिक चिकित्सालय भेजा गया।

- पी.एल.वी. एवं सखी वन स्टॉप सेंटर ने मिलकर किया

# विधायक दीपेश बहिंगा मड़ई-मेला में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम बहिंगा में पंचायत और युवा विकास समिति द्वारा भव्य मंडई व भूमिपूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक दीपेश साहू शामिल हुए और अध्यक्षता पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ने किया। वहीं विशेष अतिथि के रूप में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष छोटूराम साहू, जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष प्रबल सिंह, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गजानंद साहू, शक्तिकेन्द्र प्रभारी टोप सिंग टंडन, बहिंगा सरपंच संदीप खरे रहे। इस दौरान मंडई मेला में यदुवंशियों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया और महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया। जिसमें आसपास के लोग काफी संख्या में पहुंचे।

मंडई व भूमिपूजन के उक्त कार्यक्रम के अवसर पर नारायण वैष्णव, कंसराम निषाद ,वेदप्रकाश वैष्णव, रामजीवन साहू, लेखराम ध्रुव ,मंतराम साहू, लेखराम निषाद, कलाराम साहू, रामहरि ध्रुव, खेमराम साहू ,भारत ध्रुव, भूनेश्वर साहू, राकेश साहू, भूपेंद्र साहू, इंदर मलारे, डायमन महेश निषाद, अश्वनी साहू ,भरत साहू, सीताराम निषाद, अशोक साहू, राजू देवांगन, जितेन्द्र साहू, छत्रकुमार देवांगन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी, अशोक चतुर्वेदी का राजधानी रायपुर एयरपोर्ट में उनके समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद योगेश तिवारी का प्रथम रायपुर आगमन हुआ। इस अवसर पर संगठन प्रभारी अशोक चतुर्वेदी भी उनके साथ मौजूद थे। एयरपोर्ट में जय श्री राम और सर्व हिन्दू सनातन समाज ज़िन्दाबाद के नारों से गूंज उठा। समर्थकों ने भाजपा नेता योगेश तिवारी के सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए, गाजे बाजे के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

- बड़ी संख्या में समर्थक एयरपोर्ट पहुंचे

**संगठन के विस्तार व हिंदू समाज को संगठित करने की मिली है जिम्मेदारी:** इस अवसर पर श्री तिवारी ने कहा कि जगतगुरु स्वामी श्रीरामभद्राचार्य महराज का अभारी हूं, उन्होंने मुझे इतनी बड़ी जवाबदारी सौंपी है । संगठन के विस्तार और सर्व हिन्दू समाज को संगठित करने की जिम्मेदारी मिली है, जो सौभाग्य की बात है। संगठन के विस्तार के लिए जल्द ही पूरे देश में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।

**इन्होंने किया स्वागत :** एयरपोर्ट पर रवि गढ़पाले, सौरभ मिश्र, पीयूष शर्मा, अजय मिश्रा, हिमांशु सिंह, शुभम सिंह, निरंजय दुबे, गगन सिंह, समीर कौशल, पीयूष, शंकर्षण मिश्रा, निखिल जैन, राजेश मार्कण्डेय, विनय पटेल, शिवम दीवान, पीयूष राजपूत, मनोज पटेल, लखन चक्रधारी, नीलकंठ पटेल, मनोज सिन्हा, टोपेन्दर सोनवानी, जीवन गायकवाड, धर्मदास, केशलाल साहू, माधव साहू, ओम प्रकाश साहू, कोदू दास कुर्रे, टिकेश्वर साहू, यशवंत चौबे, वेद सिह, नरेश राय, बलराम बंजारे, श्याम झा, रवि दलई, प्रमोद तिवारी, हरीश तिवारी, संजय दुबे, भक्त साहू, यशवंत कौशले, हरीश धृतलहरे, अजय अवस्थी, मुन्ना साव, अजय तिवारी, मनीष तिवारी, पंकज शर्मा, सौरभ मिश्रा, अजय यादव समेत सैकड़ों समर्थकों ने स्वागत किया।

# पीएम का लक्ष्य भारत बने विश्वगुरु इसमें हम सब की सहभागिता जरूरी : सिन्हा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सिरवाबांधा ग्राम में विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ पहुंचा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका विजय सिन्हा शामिल हुए। इस दौरान ग्राम में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर शासन के योजनाओं की जानकारी व लाभ लेने की जानकारी दी गई।

संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में श्री सिन्हा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की विष्णुदेव सरकार आने वाले 2024 तक भारत को विकसित, उन्नत, सम्पन्न, गरीबी मुक्त बनाने का संकल्प लेकर चल रहे हैं। इस अभियान के महानायक देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारत को विश्वगुरु के पद तक पहुंचाना चाहते हैं।जिसमें हम सभी को अपनी सहभागिता दर्ज करानी है। यह तभी हो पायेगा जब हमारा गांव, मजदूर, किसान, युवा उन्नत होगा ।

भाजपा सरकार का लक्ष्य है कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सरकार की योजना पहुंचे ताकि उनका जीवन बदले और देश एक विकसित समृद्ध भारत बन पाए। इस अवसर पर किसान नेता बंशी राठी, विकास तम्बोली, राकेश मोहन शर्मा, राजेश शर्मा, गौरव साहू, श्याम सलूजा, सरपंच रंजीता कोसले, राजा वर्मा सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

- ग्राम सिरवाबांधा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए पूर्व नपा अध्यक्ष

## केबिनेट मंत्री बघेल ने ली जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में 10 फरवरी तक हो धान का उठाव : दयालदास बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री दयाल दास बघेल ने सोमवार को विभागीय कामकाज की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के दिशा-सभागार में आयोजित की गई थी, बैठक में विधायक दीपेश साहू व विधायक ईश्वर साहू भी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में उन्होंने धान खरीदी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, कृषि, राजस्व जैसे विभागों के कामकाजों की जानकारी। इसके अलावा उन्होंने जिले में कानून व सुरक्षा व्यवस्था पर भी एसपी से जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में वर्चुअल जुड़कर लाइव प्रसारण देखा। लाइव प्रसारण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्पूर्ण भारत में चल रहे विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी लेते हुये सभी पात्र हितग्राहियों से बात की और उनका हौसला बढ़ाया। इसके अलावा जिले में चल रहे विकास कार्यों के साथ केंद्र व राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं की गतिविधियों के संबंध में समीक्षा की। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले में चल रहे विकास कार्यों और शासन की विभिन्न योजनाओं व गतिविधियों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया। बैठक में धान खरीदी एवं उठाव, डी.ओ. के विरुद्ध उठाव व शेष जानकारी, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस वितरण की जानकारी, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत जिले में प्रचलित राशन कार्ड की समीक्षा, 2014-15 व 2015-16 में धान बोनस (300 रु.प्रति क्विं.) की जानकारी, रबी वर्ष 2024 में खाद बीज लक्ष्य भण्डारण वितरण की जानकारी, जिले में पेक्स समितियों के माध्यम से ऋण वितरण की जानकारी, सहकारी समितियों का अंकेक्षण अंकन एवं वसूली, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) स्वास्थ्य सेवायें की जानकारी, मानव दिवस सृजन की समीक्षा 2023-24, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण ▶▶| शेष पेज 11 पर

- जिले में चल रहे कामकाज व विकास कार्यों की हुई समीक्षा




**शराब की अवैध बिक्री पर लगाएं रोक**

उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था और राजनीतिक मुकदमे संबंधी पुलिस अधीक्षक से ब्यौरा लिया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने जिले में चल रहे अवैध शराब और नशीली दवाइयों का खुलेआम बिक्री के संबंध मे अवगत कराया। उन्होंने इस प्रकार की समस्त प्रकरण को तुरंत ही रोक कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### शिशु-मातृ मृत्यु दर पर प्रभावी नियंत्रण पर जोर

बैठक में श्री बघेल ने स्वास्थ्य विभाग सर शिशु और मातृ मृत्यु दर पर प्रभावी नियंत्रण पर जोर दिया साथ ही उन्होंने मातृत्व स्वास्थ्य की रिपोर्टिंग को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। किसी भी रोग के संक्रमण की स्थिति से निपटने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया। उन्होंने सुपोषण, पोषण पुनर्वास केन्द्रों में बेहतर परिणाम के लिए मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों और डॉक्टरों को संवेदनशीलता के साथ काम करने को कहा। उन्होंने अस्पताल, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों, स्वास्थ्य अमलों और मेडिकल उपकरणों तथा दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोग, ब्लड-बैंक, तथा योजना सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमोंकी जानकारी ली।

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

**खबर संक्षेप**



## आदिवासी छात्रों के बीच पंहुचे तहसीलदार गुप्ता

दुर्ग । कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी एवं एसडीएम दीपक निकुंज के निर्देश में दुर्ग अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता दुर्ग शहर में स्थित प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के आकस्मिक निरीक्षण में पंहुचे। रात में निरीक्षण के दौरान छात्रावास भवन की साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का मुआयना किया। तहसीलदार ने एक एक कर सभी छात्रों से बात कर उनका हालचाल जाना। बच्चों से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी ली। अधीक्षक विकास चंद्राकर ने बताया की छात्रावास में बच्चों के नियमित हेल्थ चेकअप होता है। बच्चों के शिक्षास्तर में वृद्धि हेतु कोचिंग की भी व्यवस्था की गई है। समय समय पर खेल स्पर्धाएं, योगा आदि गतिविधियां कराई जा रही है। तहसीलदार ने सभी बच्चों की मोटिवेशनल क्लास लिया। हॉस्टल में बच्चों के साथ भोजन ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता परखा। तहसीलदार को अपने बीच पाकर आदिवासी बच्चे खुश दिखे। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक विकास चंद्राकर उपस्थित थे।

## मंगलमय प्रभात कीर्तन यात्रा निकाली गई



दुर्ग। युवा सेवा संघ वा श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू की हरि ओम साधकों द्वारा हनुमान मंदिर कैम्प 1 भिलाई से मंगलमय सुप्रचार प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी की शुरूवात श्री राम जय राम जय राम का जयकारा लगाते हुए निकाली गई। कैंप 1, 2 घुमाया गया। प्रभात फेरी का जगह जगह फूल माला से स्वागत वंदन किया गया। युवा सेवा संघ द्वारा बताया गया कि 22 जनवरी को भगवान श्री रामजी की प्राण प्रतिष्ठा होगी उस दिन दीपावली मनाएं। भगवान राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के दिन घरों के ऊपर झंडे और घर के अंदर और बाहर संध्या के समय दीपक से सजाए। प्रभात फेरी में ऋषि प्रसाद मासिक पत्रिका बांटी गई। अंत में तुलसी पूजन और आरती प्रसादी के साथ समापन किया गया। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ के प्रभारी ओमप्रकाश साहू ने दी।

## व्यवसायों के लिए मिलेगा प्रशिक्षण अनुदान एवं ऋण

दुर्ग। केन्द्र शासन द्वारा सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों की सहायता के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लागू की गई है। यह योजना 17 सितम्बर 2023 से प्रारंभ किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसायों के लिए प्रशिक्षण, अनुदान, ऋण आदि से लाभान्वित किया जा रहा है।

# चुनाव के बाद से महतारी वंदन की राह ताक रहीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महतारी वंदन योजना जैसे ब्रह्मास्त्र का उपयोग कर राज्य की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार ने अब तक इस चुनावी वादे को पूरा नहीं किया है। हालत यह है कि, वार्डो में महतारी वंदन के फॉर्म भराने के बाद भाजपा के पार्षद भंवर में फंस गए हैं। राशि देने में देरी होने से नाराज महिलाएं पावती लेकर पार्षदों से तकादा कर रही हैं। ऐसे में भाजपा पार्षद महिलाओं को आश्वासन देने के सिवा कुछ नहीं कर पा रहे हैं।

हालांकि शनिवार को कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री ने मंच से कहा है कि, इस योजना को लेकर सरकार आगे कदम बढ़ा रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि जल्दी महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 की राशि मिलने लगेगी।

विधानसभा चुनाव में भाजपा ने महिलाओं के लिए सबसे बड़ा चुनावी वादा महतारी वंदन योजन के तहत महिलाओं को 12 हजार रुपए सालाना देने का किया था। सूत्र यह भी बता रहे हैं कि, भाजपा की सरकार बनने के बाद मंत्रालय में अमली जामा पहनाने का काम जोरों पर चल रहा है।

सूत्रों के अनुसार साय सरकार ने अधिकारियों को जनवरी के आखिरी सप्ताह तक इस योजना को हर हाल में लागू करने के निर्देश दिए हैं, ताकि लोकसभा चुनाव के पहले महिलाओं से किए वादे पूरा कर सकें।

**बजट में प्रावधान होने के बाद भी अब तक सरकारी पहल नहीं, पार्षदों को सुना रहीं खरी-खोटी**

### बजट में 1200 करोड रुपए का प्रावधान

बताया जाता है कि, साय सरकार के निर्देश के बाद मुख्य सचिव ने महिला एवं बाल विकास विभाग को डाटा कलेक्शन के साथ गाइड लाइन बनाने को कहा। सूत्र बताते हैं कि, मप्र में लागू मुख्यमंत्री लाडली योजना तरह ही यहां भी महतारी वंदन योजना की पात्रता रखी जा सकती है। साय सरकार ने पहली विधानसभा में पेश किए गए अनुपूरक बजट में महतारी वंदन योजना के करीब 1200 करोड़ पारित किया है। ताकि इसी वित्तीय वर्ष के बजट में महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदेश की महिलाओं को दे सकें।

### चुनाव के पहले भराए थे 56 हजार फॉर्म

विधानसभा चुनाव के पहले दुर्ग शहर विधानसभा के लिए एक लाख फॉर्म बांटे गए थे, लेकिन अचानक आचार संहिता लगने के बाद सिर्फ 56 हजार फॉर्म जमा हो पाए। हालाकी जानकारी अनुसार विधानसभा चुनाव के बाद भी पार्षदों द्वारा शेष बचे फॉर्म को भराया गया था। फॉर्म भरने के साथ ही महिलाओं को डॉट-दूर रिसिप्ट भी बांटा गया था। लेकिन सरकार बनने के बाद राशि मिलने में देरी से महिलाएं अब कराहने लगी है। यही कारण है कि भाजपा पार्षदों को तू तो मैं मैं की स्थिति से गुजरना पड़ रहा है।

### पात्रता भी नहीं की गई लागू

योजनाओं को लेकर लोगों के बीच यह चर्चा है कि, कहीं सरकार इस योजना में क्राइटेरिया लागू न कर दे, जिसके चलते कई लोगों को योजना से वंचित होना पड़ सकता है। इसमें योजना का लाभ लेने के लिए छत्तीसगढ़ का स्थायी निवासी होना स्वाभाविक पात्रता होगी। वहीं इस योजना में विवाहित महिलाएं ही आवेदन कर पाएंगी। जबकि आयु, वार्षिक आय जैसे मापदंड तय नहीं किए गए हैं। सबसे बड़ी चर्चा इन दोनों संपन्न व नौकरीपेशा के बीच है। सरकारी कर्मचारियों को इस बात का डर है कि कहीं उन्हें इस योजना से वंचित न कर दिया जाए।

**परेशानी : आगामी 10 से 16 तक कैंसिल, गोंदिया-बरौनी का मार्ग भी बदला**

# 30 से अधिक ट्रेनें होंगी कैंसिल, मेगा ब्लॉक से बढ़ेंगी यात्रियों की मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आय दिन ट्रेनों के कैंसिल होने का दंस झेल रहे यात्रियों को एक बार फिर से परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। दुर्ग, रायपुर, तिल्दा और भाटापारा के रास्ते चलने वाली अधिकांश ट्रेने जहा प्रभावित होगे, वहीं पैसेंजर ट्रेन रद्द होने से यात्रियों को अच्छी खासी परेशानी होंगी।


रेलवे कटनी रेल लाइन पर फिर मेगा ब्लॉक लेने की तैयारी में है। इस रेलवे लाइन के अनूपपुर स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टीविटी कार्य कराए जाएंगे। इससे रायपुर तरफ से गरीब रथ, दुर्ग-अजमेर सहित बिलासपुर से रीवा एक्सप्रेस सहित 30 से अधिक ट्रेनें 10 जनवरी से कैंसिल होने लगेंगी।

इस ब्लॉक की वजह से गोंदिया- बरौनी एक्सप्रेस बालाघाट जबलपुर होकर चलेगी यानी दुर्ग, रायपुर, तिल्दा, भाटापारा होकर नहीं चलेगी। जनवरी महीने का एक पूरा सप्ताह दोनों तरफ के यात्रियों के लिए मुसीबत भरा रहा है। क्योंकि सबसे अधिक पैसेंजर ट्रेनें रद्द होने और एक्सप्रेस व मेल ट्रेनों में बैठने तक की जगह नहीं मिलने जैसी परेशानी का सामना हजारों रेल यात्रियों को करना पड़ेगा। रेल अफसरों के अनुसार रेल विकास का कार्य कराना भी जरूरी है। इस ब्लॉक से अनूपपुर स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टीविटी के लिए प्री-एनआई व एनआई का कार्य 17-18 जनवरी तक लगातार चलेगा।

**दुर्ग से चलने वाली ट्रेन भी रहेंगी प्रभावित, कई के बदलेंगे रूट**

### ये भी ट्रेनें प्रभावित

नए साल जनवरी माह में 11, 13 व 16 जनवरी को चिरमिरी से 05755 चिरमिरी-अनूपपुर पैसेंजर स्पेशल। 11, 13 व 16 जनवरी को 05756 अनूपपुर चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल। 13 जनवरी को उदयपुर से 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस। 14 जनवरी को शालीमार से 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस। 10 जनवरी को सांतरागाछी से 20828 सांतरागाछी जबलपुर एक्सप्रेस। 11 जनवरी को जबलपुर से 20827 जबलपुर- सांतरागाछी एक्सप्रेस। 13 जनवरी को शालीमार से 22830 शालीमार-भुज एक्सप्रेस। 16 जनवरी को भुज से 22829 भुज-शालीमार एक्सप्रेस। 14 जनवरी को दुर्ग से गाडी संख्या 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस15 जनवरी को अजमेर से 18214 अजमेर- दुर्ग एक्सप्रेस। 10 जनवरी को रानी कमलापति से 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी एक्सप्रेस। 11 जनवरी को सांतरागाछी से 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति एक्सप्रेस प्रभावित रहेंगे।



### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें

जानकारी अनुसार 8 से 14 से चलने वाली जनवरी तक बरौनी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया कटनी जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट के रास्ते चलेगी और 9 से 15 जनवरी तक गोंदिया से रवाना होकर गाई संख्या 15232 गोंदिया-बरौर्न एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाय बालाघाट, नैनपुर जबलपुर से कटनी के रास्ते चलेगी। यह ट्रेन दुर्ग, रायपुर, तिल्दा, भाटापार होकर नहीं चलेगी।

### रास्ते में समाप्त होने वाली ट्रेन

आगामी 10 से 16 जनवरी तक अंबिकापुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08750 अम्बिकापुर-शहडोल मेमू पैसेंजर स्पेशल अनूपपुर स्टेशन में समाप्त होगी। इसी तरह से रवाना होने 08749 शहडोल-अम्बिकापुर मेमू पैसेंजर स्पेशल होगी। अनूपपुर से रवाना होंगी।

### 10 जनवरी से रद्द होने वाली ट्रेनें

आगामी 10 से 16 जनवरी तक चिरमिरी से 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर दोनों तरफ से रद्द। इसी तरह 10 से 16 जनवरी तक बिलासपुर से 08740 बिलासपुर-शहडोल मेमू पैसेंजर दोनों तरफ से रद्द। 11 व 15 जनवरी को लखनऊ से गाड़ी संख्या 12535 लखनऊ- रायपुर गरीबरथ एक्सप्रेस। 12 व 16 जनवरी को रायपुर से गाड़ी संख्या 12536 रायपुर-लखनऊ गरीबरथ एक्सप्रेस। वहीं 10, 12 व 15 जनवरी को 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस और 11, 13 व 16 जनवरी को 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस, 08 से 16 जनवरी 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस। वहीं 9 से 17 जनवरी तक इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस। 7 से 16 जनवरी तक 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस। 9 से 18 जनवरी तक 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस। 9 से 16 जनवरी तक 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्ध रहेगी। 10 से 17 जनवरी तक 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस। 8 से 16 जनवरी 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस। 9 से 17 जनवरी तक 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस। 9 से 15 जनवरी तक 18257 बिलासपुर-चिरमिरी एक्सप्रेस। 10 से 16 जनवरी तक 18258 चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस प्रभावित रहेगी।

# रवि योग में मनाई जाएगी मकर संक्रांति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सूर्य का 14 जनवरी की रात धुन से मकर राशि में प्रवेश किए जाने के कारण ग्रह दशा परिवर्तन हो रहा है। ऐसे में हर साल 14 जनवरी को मनाए जाने वाले मकर संक्रांति इस बार दूसरे दिन 15 जनवरी को मनाया जा सकता है। मकर संक्रांति पर्व को लेकर बाजार इन दोनों सजने लगा है।

- **आगामी 15 को मकर संक्रांति, 16 को खरमास समाप्त**

सूर्य की आराधना का पर्व मकर संक्रांति सामान्य रूप से जनवरी माह की 14 तारीख को मनाया जाता है। लेकिन इस बार मकर संक्रांति का यह त्योहार 15 जनवरी के दिन मनाया जाएगा। दरअसल, सूर्यनारायण 14 जनवरी की रात 3.44 बजे धनु से मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्यास्त के बाद राशि परिवर्तन करने से मकर संक्राति का पुण्यकाल 15 जनवरी को रहेगा। इसलिए इस बार मकर संक्रांति का पर्व रवि योग में मनाया जाएगा। पंडितो के अनुसार मकर संक्रांति का पुण्यकाल 15 जनवरी को पूरे दिन रहेगा। ऐसे में त्योहार इसी दिन मनाया जाएगा। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर तीर्थ स्थानों पर स्नान, दान, जप और धार्मिक अनुष्ठानों को करने का विशेष महत्व होता है। यदि किसी कारण कोई इस दिन तीर्थ स्थल नहीं जा सकता है, तो वह अपने घर पर ही सूर्योदय से पहले उठाकर स्नान (पानी में तिल मिला लें) कर सकता है।



### 16 से शुरू हो जाएंगे मंगल कार्य

इस बार मकर संक्रांति पौष माह के शक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 15 जनवरी को रवि योग और शतभिषा नक्षत्र में मनाई जाएगी। ज्योतिषियों ने बताया, रवि योग सूर्योदय के साथ सुबह 7:50 बजे से शुरू होकर दिनभर रहेगा। इस योग में दान करना बेहद शुभ माना गया है। बीते 16 दिसंबर से शुरू हुआ खरमास जो मकर संक्राति के दिन समाप्त हो जाएगा। इसके साथ ही एक बार फिर से मुंडन संस्कार, यज्ञोपवीत, नामकरण, गृह प्रवेश, गृह निर्माण, नए व्यापार का आरंभ, वधू प्रवेश, सगाई, विवाह शुरू हो जाएंगे।

## तीन कैडेट्स का गणतंत्र दिवस 2024 हेतु चयन

दुर्ग। इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय वैशाली नगर के एनसीसी नेवल यूनिट के 3 कैडेट्स का चयन नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस 2024 हेतु चयन हुआ है। यह केम्प 1 से 30 जनवरी तक आरडीसी कैम्प का आयोजित किया जाता है। प्राचार्य डॉ श्रीमती अलका मेश्राम तथा एनसीसी अधिकारी महेश कुमार अलेंद्र के संयुक्त ने बताया कि कालेज के 1 सीजी नेवल यूनिट रायपुर के कैडेट सचिन उपाध्याय का चयन गार्ड ऑफ ऑनर हेतु कैडेट अविनाश तिवारी और कैडेट धनराज नायडू का चयन पीएम रैली हेतु किया गया है।

# जिला प्रशासन और इंडसटॉवर कम्पनी लिमिटेड के मध्य हुआ एमओयू

### शासकीय आईटीआई के चार विद्यार्थियों को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



दुर्ग जिले में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में निरंतर नवाचार हो रहे हैं। इसी कड़ी में सांसद विजय बघेल की उपस्थिति में जिला प्रशासन और इंडसटॉवर कम्पनी के मध्य एमओयू हुआ। सांसद विजय बघेल ने नवनियुक्त कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को बधाई दी।

ज्ञातव्य है कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में युवाओं को रोजगार हेतु प्रशिक्षण दिया जाता है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के चार डिप्लोमाधारी प्रशिक्षणार्थियों का चयन इंडसटॉवर कम्पनी में हुआ। यह टेलीकॉम टावर इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विस प्रोवाइडर है जो विभिन्न मोबाइल ऑपरेटरों के लिए टेलीकॉम टावर और कम्युनिकेशन स्ट्रक्चर को मैनेज करता है। विद्यार्थियों को संबंधित संस्था के प्रशिक्षकों द्वारा पढ़ाया जाएगा और वर्कशॉप होगा। साथ ही प्रोजेक्ट मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे। सांसद विजय बघेल ने इंडसटॉवर कम्पनी में चयनित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के जनक लाल साहू, सदानंद, पंकज साहू, शरद कुमार विद्यार्थियों को तकनीशियन पद पर चयनित होने पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

चारो विद्यार्थी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में इलेक्ट्रीशियन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। एमओयू में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और कम्पनी के सीईओ आशीष मित्रा ने हस्ताक्षर किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग, इंडसटॉवर कम्पनी सीईओ व पूरी टीम सहित आईटीआई प्राचार्य अनिल टेमरेक, एए मंसुरी, प्रमोद सिंह और सौरभ चौबे उपस्थित थे।

## भारतीय सेना में अग्निवीर की होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतीय सेना में अग्निवीर की भर्ती की अधिसूचना फरवरी 2024 के मध्य जारी होने की आशा है। भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देश सेवा का सपना देख रहे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए ऑनलाईन आवेदन भारतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर ने इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे अपना यूजर आईडी प्रोफाईल और पासवर्ड भारतीय सेना की साईट पर बनाकर तैयार रखें ताकि ऑनलाईन पंजीकरण के समय अपना पंजीकरण करने में ज्यादा समय ना लगे। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार किसी भी स्पटीकरण एवं सहायता के मामले में उम्मीदवार शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय किकेट स्टेडियम नया रायपुर के पास स्थित सेना भर्ती कार्यालय रायपुर में संपर्क कर सकते हैं।

# गर्ल्स कॉलेज में निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों का विषेष संक्षिप्त पुनरीक्षण षिविर का आयोजन किया गया।

- **18 वर्ष पूर्ण कर चुकी छात्राओं से नाम जुड़वाने की अपील**

स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी प्राध्यापक डॉ. व्ही.के. वासनिक ने बताया कि इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 01 जनवरी 2024 अर्हता तिथि के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाली छात्राओं को निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने हेतु षिविर का आयोजन किया गया है। यह षिविर 22 जनवरी 2024 तक महाविद्यालय में आयोजित किया जायेगा तथा ऐसी छात्रायें जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है उन्हें भी मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु प्रेरित किया जायेगा।




महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुषीलचन्द्र तिवारी ने कहा कि फोटोयुक्त निर्वाचक नामालियों का विषेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के संदर्भ में आयोजित षिविर के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के गोदग्राम कोलिहापुरी, जिला-दुर्ग में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले गांव के नागरिकों को भी मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

इस अवसर पर वारिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मिलिन्द अमृतफले, स्वीप समिति के सदस्यगण, कैम्पस अम्बेसडर कु. पूजा चेलक तथा छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. व्हीके वासनिक ने किया।

# चेम्बर ऑफ कामर्स महिला विंग के मेले में उमड़ी भीड़



दुर्ग। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की दुर्ग जिला महिला विंग द्वारा रविवार को मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर फरिश्ता काम्पलेक्स के पास स्थित सिटी माल सेन्टर में आयोजित भारतीय स्वदेशी उत्पादों के मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी। मेला में दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, रायपुर के अलावा अन्य जिलों की आत्मनिर्भर महिलाओं द्वारा 35 स्टॉल लगाए गए थे। स्टॉलों में धान व सुतली से निर्मित ज्वेलरी, हर्बल हेयर ऑयल, साबुन, परफ्यूम, कपड़े, चादर, गर्म कपड़े, भगवान के पोशाक, हेण्डीक्राफ्ट, आचार, पापड़, मुखवाश, मैगी, तिल-गुड़ के लड्डू के अलावा अन्य स्वनिर्मित उत्पाद आकर्षण का केन्द्र रहे। वहीं छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरा-चिला, गुपचुप का लोगों ने मेला में जमकर आनंद उठाया। आत्मनिर्भर महिलाओं के स्वनिर्मित स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन एवं बाजार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आयोजित मेला में आरएसएस के वरिष्ठ नेता बिसराराम यादव, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, प्रतिमा चंद्राकर, रत्ना नारमदेव, चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, जिलाध्यक्ष प्रहलाद रुगंटा, चैयरमैन पवन बड़जात्या सहित जगदीश पटेल, सुमन मूंथा, मावजी पटेल, मोहन बाबुल, दिनेश पाटिल के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों व स्वदेशी व्यापार से जुड़े प्रतिनिधियों ने शामिल होकर आत्मनिर्भर महिलाओं का हौसला बढ़ाया।

**धीवर समाज का एक दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन**

# धीवर समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा हाई स्कूल ग्राउंड धमधा में धीवर समाज द्वारा आयोजित एक दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक ईश्वर साहू और पूर्व विधायक लाभचंद बाफना भी सम्मिलित हुए।

- **हाईस्कूल ग्राउंड धमधा में हुआ कार्यक्रम**

विधायक ईश्वर साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी का अभिवादन किया। उन्होंने विधायक पद तक पहुंचाने के लिए क्षेत्र की जनता का आभार माना। विधायक श्री साहू ने लोगों को सभी समाज का आदर करने और क्षेत्र में सामाजिक सद्भावना बनाये रखने का आह्वान किया। छत्तीसगढ़ धीवर समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश धीवर ने समाज के रीति-रिवाजों एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के विभिन्न मांगों की ओर उपमुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक लाभचंद बाफना और समाज के संरक्षक रामकिशन धीवर, राधेश्याम चन्द्रवंशी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर समाज के अन्य पदाधिकारी और धीवर समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### समाज की आवश्यकताओं को करेंगे पूराः श्री शर्मा

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने न्याय को जीत दिलाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में मछुवा सहकारी समितियों को प्राथमिकता दी गई थी। सरकार समाज को प्राथमिकता देगी। समाज को आगे बढ़ाने मछुवा बोर्ड को बढ़ावा दी जाएगी। रायपुर में समाज के भवन के लिए राशि की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने समाज की हर आवश्यकताओं को पूरा करने का भरोसा दिलाया। मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

## खबर संक्षेप



### काव्य गोष्ठी, विमर्श और व्यंग्य संग्रह का विमोचन

**रायपुर।** नववर्ष के उपलक्ष्य में संकेत साहित्य समिति द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में काव्य गोष्ठी, विमर्श एवं लोकार्पण का वृहद आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हरिभूमि चौपाल के संपादक डॉ. दीनदयाल साहू के हिंदी व्यंग्य संग्रह अर्थ से अर्थी तक का लोकार्पण भी अतिथियों द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.चितरंजन ने कहा कि कला का संबंध काल से होता है। काल और कला एक ही धातु से बने हैं। काल निरंतर एवं असीम होता है, जबकि कला क्षणमात्र की होती है। कार्यक्रम को वरिष्ठ व्यंग्यकार गिरीश पंकज, प्रख्यात लेखिका स्नेहलता झा, महेश शर्मा, जेके डागर एवं वीर अजीत शर्मा, कवयित्री पल्लवी झा, हरिभूमि चौपाल के संपादक डॉ. दीनदयाल साहू ने भी संबोधित किया।

### कृषि उद्यमिता विकास प्रशिक्षण

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा छत्तीसगढ़ में कृषि उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गया। यह कार्यक्रम एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह एवं चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान जयपुर की ओर से किया जा रहा है। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार जैन ने बताया कि अधिष्ठाता डॉ. एसएस पोर्ते ऑनलाइन माध्यम से जुड़े चौधरी चरण सिंह कृषि विपणन संस्थान, जयपुर, राजस्थान के मुख्य संचालन अधिकारी डॉ. रवि कुमार गोयल ने नियाम के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में चल रहे विभिन्न उपक्रमों की जानकारी दी।

### प्राण-प्रतिष्ठा की भव्यता और दिव्यता के लिए हुई बैठक

**रायपुर।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारी अयोध्या में जोर-शोर से चल रही है। प्रभु श्रीराम 550 वर्ष की वनवास के बाद टेंट से श्रद्धा के मंदिर में करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं के रूप में विराजित हो रहे हैं। इस ऐतिहासिक क्षण के गौरव को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ ने प्रदेश स्तरीय पहल करते हुए प्राण-प्रतिष्ठा को महापर्व के रूप में मनाते हुए समाज के प्रत्येक घरों में भगवा पताका, भगवा तोरण, शुभ चिन्ह स्वास्तिक एवं रंगोली बनाकर इस दिवस का स्वागत, अभिनंदन करने का निर्णय लिया है।

### नेशनल बॉल बैडमिंटन में हिस्सा ले रही छत्तीसगढ़ की टीम

**रायपुर।** 69वी सीनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023-24 पुरुष एवं महिला का आयोजन भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ एवं महाराष्ट्र बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में गढ़चिरौली महाराष्ट्र में 6 से 10 जनवरी तक किया जा रहा है, इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन पुरुष एवं महिला टीम की घोषणा कर दी गई है। पुरुष टीम में गौरव तिवारी, दुर्ग (कप्तान) हितेश सिन्हा गरियाबंद, मुरली सिंह राजपूत, महासमुंद, निखिल कनौजिया, दिनेश चेलीके, रामेंद्र यादव, सभी दुर्ग, एस राहुल सहित अन्य शामिल है ।

# ठंड-गर्मी का अहसास एक साथ, आमजनों को सर्दी-खांसी ने सताया, चपेट में डॉक्टर भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जनवरी के महीने में ठंड-गर्मी का मौसम एक साथ आने की वजह से सर्दी-खांसी की शिकायत आम हो गई है। दो तरीके के मौसम की वजह से एहतियात बरतने वाले डॉक्टर भी इससे नहीं बच पा रहे हैं।

आंबेडकर अस्पताल के कई चिकित्सक इन दिनों जुकाम से पीड़ित हैं। विशेषज्ञों का तर्क है कि दवाओं के उपयोग के बाद भी दस दिन तक समस्या पीछा नहीं छोड़ रही है। ठंड के मौसम सर्दी की शिकायत होना आम बात है, अक्सर यह परेशानी मौसम के शुरुआत में होती है। इस बार जनवरी महीने में रात का तापमान सामान्य से अधिक होने की वजह से ठंड-गर्मी दोनों महसूस हो रही है और कफ-खांसी की शिकायत लंबे समय तक साथ नहीं छोड़ रही है। चिकित्सकों के मुताबिक थोड़ी लापरवाही से लोग इस मौसमी बीमारी का शिकार हो रहे हैं और अस्पतालों में बड़ी संख्या में इस तरह की समस्या लेकर लोग पहुंच रहे हैं। आमतौर पर सर्दी की समस्या तीन से चार दिन की दवा से दूर हो जाती थी, मगर इस बार परेशानी आठ से दस दिन तक पीछा नहीं छोड़ रही है। आम लोगों के साथ विशेष सावधानी बरतने वाले डॉक्टर भी इससे खासे परेशान हैं। आंबेडकर अस्पताल में कार्यरत कई चिकित्सक इन दिनों सर्दी-जुकाम की समस्या से पीड़ित हैं और आने वाले मरीजों के इलाज के साथ अपना भी उपचार कर रहे हैं। दूसरी ओर मरीजों की अधिक भीड़ होने की वजह से आंबेडकर अस्पताल का मेडिसिन वार्ड फुल हो गया है। रविवार को रेफर होकर आंबेडकर अस्पताल पहुंचे मरीजों के लिए नेत्ररोग विभाग के वार्ड की मदद ली गई।

## दवाओं के बाद भी दस दिन तक पीछा नहीं छोड़ रही समस्या

### छोटे अस्पतालों में ज्यादा भीड़

मौसमी बीमारी की वजह से ज्यादा भीड़ शहर के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में नजर आ रही है। इस तरह की बीमारियों के इलाज के लिए गली-मोहल्ले में हमर क्लीनिक और हमर अस्पताल के नाम से स्वास्थ्य केंद्र खोले गए हैं। इसके अलावा संचालित होने वाले निजी क्लीनिक वाले डॉक्टरों के पास भी सर्दी-खांसी जैसी बीमारी से पीड़ित मरीजों की काफी भीड़ है।

### कोरोना केस भी बढ़े

ठंड के मौसम में इन दिनों कोरोना के मामले भी बढ़े हुए हैं। राज्य में रोजाना 20 से ज्यादा केस सामने आ रहे हैं, जिनके सैंपल पॉजिटिव मिल रहे हैं। उनमें बुखार के साथ खांसी जैसे लक्षण भी हैं। स्वास्थ्य विभाग पॉजिटिव रिपोर्ट के आधार पर उन्हें कोरोना तो मान रहा है, मगर इसका असर मौसम से संबंधित बीमारी के अलावा दूसरा नहीं है।



### बढ़ रही मरीजों की संख्या

पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी है। ज्यादातर की शिकायत सर्दी, खांसी, बुखार जैसी समस्या है। इलाज के लिए उन्हें अन्य दवाओं के साथ एंटीबायोटिक की जरूरत भी पड़ रही है।

*- डॉ. विनय वर्मा, चिकित्सक, आंबेडकर अस्पताल*

### एंटीबायोटिक जरूरी

चिकित्सकों के मुताबिक सर्दी-खांसी की समस्या दूर करने के लिए अन्य दवाओं के साथ एंटीबायोटिक दवाओं की जरूरत भी पड़ रही है। इसकी वजह से दवा दुकानों में भी एंटीबायोटिक दवाओं की डिमांड बढ़ी हुई है। देर से ठीक हो रही इस बीमारी की वजह से मरीजों को डॉक्टरों के पास दो बार जाना पड़ रहा है।

## नवा रायपुर में ट्रेन चलाने लोगों को अब पांच महीने का और करना पड़ेगा इंतजार

# पांच महीने में पूरा होगा नवा रायपुर स्टेशन पहले केंद्री तक चलेगी ट्रेन, अभनपुर में देर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ट्रेन से नवा रायपुर आवाजाही का सपना 5 महीने में पूरा होने वाला है। स्टेशन निर्माण का कार्य 60 फीसदी पूरा हो चुका है। नई सरकार बनने के बाद कार्य में तेजी आई है। रेलवे ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक एनआरडीए चारों स्टेशनों का निर्माण कार्य पूरा कर रेलवे को नहीं सौंप देता, तब तक इस रूट पर ट्रेन नहीं चलेगी। बारिश और त्योहारों के कारण धीमी हो चुकी रफ्तार वर्तमान में तेजी पर आ गई है।

अफसरों का भी मानना है कि गर्मी के बाद स्टेशन बनकर तैयार होंगे। हरिभूमि टीम रविवार को अटल नगर, उद्योग नगर, सीबीडी, मुक्तांगन स्टेशन पहुंची, जिसका निर्माण एनआरडीए द्वारा कराया जा रहा है।

चारों स्टेशन का काम 2018 में शुरू हुआ, जो पांच साल में 60 प्रतिशत ही पूरा हो सका है। एनआरडीए के अधिकारियों ने सभी ठेका एजेंसियों को निर्धारित समय में सभी प्रोजेक्ट को पूरा करने का निर्देश जारी कर दिया है। स्मार्ट सिटी के माध्यम से नवा रायपुर में रेलवे स्टेशन का निर्माण चल रहा है। वर्तमान में सीबीडी रेलवे स्टेशन का महज 50 प्रतिशत काम पूरा हो पाया है। सूत्रों के मुताबिक लोकसभा चुनाव से पहले रायपुर से केंद्री तक ट्रेन चलाई जा सकती है।



### पांच महीने लग जाएंगे

नवा रायपुर रेलवे स्टेशन का काम तेजी से चल रहा है। उम्मीद है कि चार से पांच महीने से इसे पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद ही ट्रेन चलाने का निर्णय लिया जाएगा। रेलवे ने केंद्री तक अपना काम पूरा कर लिया है। पटरी की जांच भी हो चुकी है।

*- डॉ. विपिन वैष्णव, सीनियर डीसीएम, रायपुर मंडल*

### 2020 तक बन जाने थे स्टेशन

नवा रायपुर समेत तीन अन्य स्टेशनों का निर्माण कार्य 2020 तक एनआरडीए को पूरा कर रेलवे को देना था, लेकिन फंड की कमी और एजेंसी की लेटलतीफी के कारण यह प्रोजेक्ट हर साल पिछड़ता गया। वर्तमान में 50 प्रतिशत काम हुआ है, जो पूरा करने निर्माण एजेंसी को सालभर का समय और लग सकता है। बीच में एनआरडीए ने ठेका एजेंसियों को काम में तेजी लाने के लिए टार्गेट दे दिया है, लेकिन बारिश और आने वाले त्योहार काम में रोड़ा बन गए। इस वजह से कार्य में और विलंब हो गया।



### स्टेशन पर केवल एक ही प्लेटफार्म की सुविधा

बड़ी लाइन के स्टेशनों पर यात्रियों को फिलहॉल एक ही प्लेटफार्म की सुविधा मिलेगी। रेलवे ने बिल्डिंग का निर्माण मुक्तांगना स्टेशन में दोनों जगह किया है, लेकिन प्लेटफार्म एक है। इसी से ही यात्री ट्रेन में चढ़ेंगे और उतरेंगे। एक तरफ से दूसरी ओर जाने के लिए ओवरब्रिज नहीं है। ऐसे में यात्रियों को पटरी पार दूसरी तरफ जाना पड़ सकता है। केंद्री का स्टेशन बनकर तैयार है, लेकिन देखरेख नहीं होने से अब स्टेशन पर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। रेलवे पांच महीने के बाद केंद्री तक पहले ट्रेन चलाएगा।

### रेलवे को स्टेशन बनने का इंतजार

मंदिर हसौद से नवा रायपुर तक कुल 21 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाने का काम रेलवे ने पूरा कर लिया है। साथ ही केंद्री स्टेशन तक रेलमार्ग में इंजन का ट्रायल भी कराया जा चुका है। जानकारी के मुताबिक रेलवे सुरक्षा विभाग से मंजूरी भी मिल चुकी है। अब रेलवे को भी स्टेशनों का निर्माण कार्य पूर्ण होने का इंतजार है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि चार स्टेशनों का निर्माण कार्य एनआरडीए को कराना है, वहीं केंद्री का रेलवे स्टेशन निर्माण रेलवे को कराना था, जिसे पूरा कर लिया गया है। अब धमतरी तक पटरी बिछाने का काम तेजी से किया जा रहा है। अगर स्टेशन बनकर तैयार हो जाता तो केंद्री तक ट्रेन चलाई जा सकती थी।

# जेल से छूटे बदमाशों ने युवकों को दौड़ा-दौड़ाकर चाकू से गोदा, मौके पर एक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र में रविवार को हाल ही में जेल से छूटे दो बदमाशों ने दिनदहाड़े दौड़ा-दौड़ाकर दो युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

■ आपसी रंजिश के चलते बदमाशों ने की युवक की हत्या

बदमाशों के हमले से एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक युवक की हालत गंभीर है, उसका एम्स अस्पताल में उपचार चल रहा है। स्थानीय लोगों ने एक बदमाश को मौके पर ही पकड़कर पुलिस के हवाले किया। घटना में शामिल दूसरा बदमाश फरार है। पुलिस बदमाशों की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने की बात कह रही है।

पुलिस के मुताबिक रवि ठाकुर, बिट्टू यादव, मुकेश तथा अन्य दो के खिलाफ आशीष बंजारे की हत्या करने का आरोप है। बदमाशों ने आशीष बंजारे की घटना दिनांक को साढ़े तीन से चार बजे के बीच हत्या की है। बदमाशों ने महादेवघाट चौक के पास जहां से भाठागांव तथा शनि मंदिर के लिए रास्ता कटा है, वहीं आशीष तथा उसके दूसरे साथी उमेश मर्सकोले उर्फ चांटी को दौड़ा-दौड़ाकर चाकू मारा।



### मृतक और आरोपी के खिलाफ पूर्व से अपराध दर्ज

पुलिस के मुताबिक मृतक आशीष बंजारे तथा उसके साथी उमेश के खिलाफ भी थाने में पूर्व में मारपीट तथा अन्य अपराध को लेकर मामला दर्ज है। साथ ही जिन लोगों के ऊपर हत्या करने का आरोप लगा है उनके खिलाफ भी थाने में अपराध दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक रवि ठाकुर तथा बिट्टू हत्या के आरोप में जेल में बंद थे।

### ये है पूरा मामला

जानकारी के मुताबिक पांच वर्ष पूर्व 2018 में आपसी रंजिश के चलते रवि तथा बिट्टू ने पंडरी बस स्टैंड में उमेश के दोस्त रजत पाठक की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के आरोप में जेल में बंद दोनों बदमाश 15 दिन पूर्व जेल से छूटकर आए थे। शनिवार को उमेश ने बिट्टू को यह कहते हुए उसके गाल पर आठ-दस तमाचे जड़ दिया कि तूने मेरे छोटे को मारा है। इस बात का बदला लेने बदमाशों ने उमेश की हत्या करने की योजना बनाई और मौका पाकर चाकू से हमला किया।

### उमेश को मारने आए थे बदमाश

पुलिस के अनुसार बदमाश उमेश की हत्या करने की योजना बनाकर आए थे। उमेश के साथ उसका दोस्त आशीष भी था, इसके चलते बदमाशों ने उमेश को जब मारने के लिए दौड़ाया, तब आशीष बदमाशों से भिड़ गया। इससे नाराज होकर बदमाशों ने आशीष पर भी चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## सुभाष स्टेडियम में आज से जिला स्तरीय चैंबर प्रीमियर लीग स्पर्धा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज और कैट के संयुक्त तत्वावधान में 8 जनवरी से राजधानी के नेताजी सुभाष स्टेडियम में जिला स्तरीय व्यापारी संघ रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू होगी, जिसमें पहला मैच शाम 4 बजे से एफएमसीजी ट्रेडर्स एसोसिएशन और रायपुर स्टेशनरी एसोसिएशन के बीच होगा। । चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह देव ने संयुक्त रूप से बताया, प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर चैंबर के पदाधिकारी, एसोसिएशन के प्रमुख उपस्थित रहेंगे। रविवार को आयोजन स्थल पर सभी टीमों को आमंत्रित कर खेल के नियम व शर्तों की जानकारी दी गई। प्रतियोगिता का दूसरा मैच 8 जनवरी को शाम 6 बजे से रायपुर दाल मिल एसोसिएशन और डूमरतराई व्यापारी कल्याण महासंघ के बीच खेला जाएगा। इसी तरह तीसरा मैच रात्रि 8.20 से शुरू होगा।

■ रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

## भूपेश ने कहा-राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के नाम पर धर्मगुरुओं का हो रहा अपमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के आयोजन को लेकर कहा, धर्म के नाम से बात हो रही है तो हमारे धर्मगुरुओं का भी अपमान हो रहा है। शंकराचार्य नहीं आ रहे हैं, तो यह मंदिर का उद्घाटन नहीं हो रहा है। उद्घाटन हम लोग बिल्डिंग का करते हैं, लेकिन प्राण-प्रतिष्ठा हमारे धर्मगुरु, पंडित उनके माध्यम से पूजा-पाठ करते हैं। नेता लोग प्राण-प्रतिष्ठा नहीं करते, लेकिन यह सब हो रहा है। हम कहते हैं, मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बना है, स्वागत है। मुझे तो आप लोगों ने पूछा था कि आप जाएंगे, हम जाएंगे, लेकिन निमंत्रण ही नहीं है और मोदी ने कह भी दिया है कि अभी किसी को आना नहीं है। दिल्ली रवाना होने से पूर्व एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, आज एलाइंस कमेटी की बैठक थी। लेकिन आज राजिम महोत्सव था, इस कारण से मैं उसमें उपस्थित नहीं हुआ। कल-परसों की सारी बैठकों में मैं शामिल रहूंगा।



■ हम जाएंगे, लेकिन निमंत्रण ही नहीं है, मोदी ने कहा, अभी किसी को आना नहीं है

# इंजीनियरिंग छात्र सीखेंगे ड्रोन चलाना, बाजार में इसकी मांग को देखते हुए विवि शुरू कर रहा स्पेशल कोर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि द्वारा अब छात्रों को ड्रोन चलाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। सीएसवीटीयू ड्रोन संचालन में सर्टिफिकेट कोर्स संचालित करेगा। इसमें केवल वे इंजीनियरिंग छात्र ही दाखिला ले सकेंगे, जिन्होंने सीएसवीटीयू अध्ययनशाला अथवा संबद्ध महाविद्यालयों से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। इंजीनियरिंग छात्रों में बेराजगारी दर कम करने और उन्हें रोजगार के नए मौके उपलब्ध कराने के लिए यह पहल की जा रही है। विवि प्रबंधन का मानना है कि वर्तमान में ड्रोन की मांग विभिन्न सेक्टर में बढ़ गई है। फोटोग्राफी से लेकर सुरक्षा, ट्रैफिक प्लानिंग, शादी-समारोह तथा अन्य चीजों में इसका इस्तेमाल किया जाने लगा है।

इंजीनियरिंग सेक्टर में भी कंट्री एंड टाउन प्लानिंग तथा साइट सर्वे में यह मददगार साबित होगा। इसे देखते हुए छात्रों को ड्रोन ऑपरेटिंग की ट्रेनिंग दी जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी सीएसवीटीयू द्वारा इंजीनियरिंग छात्रों को रोजगार प्रदान करने के लिए कई तरह के सर्टिफिकेट प्रोग्राम शुरू किए जा चुके हैं। जैविक कृषि संबंधित कोर्स को छात्रों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इसके कई बैच पासआउट हो चुके हैं।

### जनवरी से शुरू होगी प्रक्रिया

युवा दिवस के मौके पर 12 जनवरी को इस कोर्स का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद जनवरी अंत से इसमें प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होगी। जनवरी अंत से इसके शुरू होने की संभावना है। इसके लिए सीट निर्धारण, प्रवेश प्रक्रिया, फीस व पाठ्यक्रम अवधि सहित अन्य चीजों की रूपरेखा बनाई जा रही है। इसे ड्रोन पायलट ट्रेनिंग प्रोग्राम नाम दिया गया है। इसमें सैद्धांतिक पाठ्यक्रम के साथ ही प्रायोगिक कार्य भी कराया जाएगा। थ्योरी संग छात्रों को ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। विवि अध्ययनशाला में ही यह पाठ्यक्रम संचालित होगा।

### अन्य योजनाएं भी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सभी विश्वविद्यालयों को कहा गया है कि वे ऐसे पाठ्यक्रम संचालित करें, जिसमें रोजगार की संभावना हो और पढ़ाई पूरी होने के बाद छात्रों को नौकरी के लिए भटकना ना पड़े। ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन ने भी विश्वविद्यालयों को अधिक से अधिक प्रैक्टिकल पाठ्यक्रम संचालित करने और उद्योगों की मांग को ध्यान में रखते हुए कोर्स डिजाइन करने कहा था। विवि द्वारा अन्य तरह के भी सर्टिफिकेट कोर्स संचालित किए जाने पर विचार हो रहा है।

**प्रतिभाशाली बच्चे हुए पुरस्कृत : भिलाई।** भूमिहार ब्राह्मण समाज का वार्षिक खेलकूद एवं स्नेह मिलन समारोह परशुराम भवन सेक्टर 2 पर आयोजित किया गया । मुख्यअतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन थे ,विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डां. अभिषेक पल्लव व पीएफ कमिशनर ओडिशा जयकुमार थे। स्वागत भाषण समाज के अध्यक्ष पीपी सिंह और वार्षिक प्रतिवेदन महासचिव मधुसूदन शर्मा ने पढ़ा । अतिथियों ने समाज सेवा के क्षेत्र में भूमिहार ब्राह्मण समाज के कार्यों की प्रशंसा की, विधायक रिकेश सेन ने समाज को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।




## पेज 9 का शेष

### जिले के सभी धान खरीदी ...

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जिला पंचायत अंतर्गत होने वाले सभी कार्य, कृषि विभाग की समस्त जानकारी, श्रम विभाग अंतर्गत किये जा रहे कार्य, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत चल रही सम्पूर्ण योजना, राजस्व विभाग अंतर्गत प्रकरण, आबकारी विभाग, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी विभाग आदि जिले के समस्त विभाग अंतर्गत चल रहे योजनाओं को विस्तार से समझाया। बैठक में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ चंद्र शेखर सिंह परदेशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लीना कमलेश मंडावी, अपर कलेक्टर द्वय डा. अनिल वाजपेयी, सी.एल. मार्कण्डेय, सर्व एसडीएम, सर्व जनपद सीईओ, सीएमओ सहित सभी जिला के अधिकारी उपस्थित थे।

**राजस्व मामलों का करें निराकरण :** बैठक में खाद्य मंत्री ने कहा कि ग्रामीणों की राजस्व प्रकरण एवं जमीन संबंधित समस्याओं का मौके पर निराकरण हो। इसके लिए सप्ताह में पटवारियों को अपने हल्के में बैठने के निर्देश दिए। उन्होंने विवादित, अविवादित सीमांकन आदि प्रकरणों और उनके निराकरण की समीक्षा की। जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की तैयारियों, खाद बीज की उपलब्धता एवं उठाव की जानकारी ली। उन्होंने लंबित भुगतान और प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए।



# रामलला के दर्शन करने छत्तीसगढ़ को मिली स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अयोध्या में रामलला के दर्शन करने रेलवे ने देशभर में एक हजार से अधिक ट्रेनों की घोषणा की है, जिसमें एक ट्रेन छत्तीसगढ़ को भी मिली है। यह ट्रेन यात्रियों को अयोध्या लेकर जाएगी। रायपुर से सीधे अयोध्या के लिए फिलहाल कोई सीधी ट्रेन की सुविधा नहीं है। मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल होने कई लोगों ने कनेक्टिंग ट्रेन का टिकट लिया है। वहीं रायपुर से उत्तरप्रदेश जाने वाली बसों को भी पैक बताया जा रहा है। ऐसे में छत्तीसगढ़ को मिली स्पेशल ट्रेन से रामलला का दर्शन करना आसान हो जाएगा। यह ट्रेन 4 फरवरी को दुर्ग से चलेगी। स्पेशल होने से यात्रियों को सामान्य एक्सप्रेस से अधिक किराया देना पड़ सकता है। यह ट्रेन रायपुर से होते हुए गुजरेगी।

### हर जिले से जाएंगी सात टोलियां

- अयोध्या के लिए 4 फरवरी को दुर्ग से चलेगी ट्रेन, यात्रियों का रिजर्वेशन करने नोडल अधिकारी नियुक्त



### रेलवे को यात्रियों की सौपेंगे सूची

स्पेशल ट्रेन में रिजर्वेशन के लिए रेलवे ने नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिया है। विहिप के पदाधिकारी रेलवे को यात्रियों की सूची व राशि सौपेंगे, जिनका रिजर्वेशन संबंधित अधिकारी करेंगे। जल्द ही विहिप के पदाधिकारी रेल अफसरों के साथ बैठक कर इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करेंगे। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण-प्रतिष्ठा के लिए हजारों श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है।

जानकारी के मुताबिक इस ट्रेन से सभी श्रद्धालुओं को लेकर विश्व हिंदू परिषद अयोध्या जाएगी। अयोध्या जाने वालों में साधु-संतों के साथ विहिप कार्यकर्ताओं सहित 2000 श्रद्धालु शामिल हैं।

### हर जिले में सात से आठ टोलियां

विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रदेश मंत्री घनश्याम चौधरी ने बताया कि हर जिले में सात से आठ टोलियां हैं। उन्हें अपने-अपने जिलों में सक्रिय सदस्यों के नाम, आईडी प्रूफ और किराया शुल्क लेने की जिम्मेदारी दी गई है। अयोध्या में भगवान राम की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा के दिन राजधानी सहित प्रदेश के सभी मंदिरों में 21 जनवरी से उत्सव शुरू हो जाएगा।

## आयोजन : चन्द्रयान-3 थीम पर 20वां वार्षिक उत्सव मनाया गया

# ज्ञानोदय उत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में चन्द्रयान-3 थीम पर 20वां वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कियया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपेश साहू मौजूद थे। विधायक श्री साहू ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यालय के मेद्यावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने नन्हे बच्चों की देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देखी और उनका उत्साहवर्धन किया। विधायक श्री साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बच्चों को बोर्ड परीक्षा की बेहतर तैयारी करने के कई टिप्स बताए। उन्होंने ने छात्रों से कहा कि वे लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें, समय का सदुपयोग करें। श्री साहू ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे नैतिक मूल्यों को बनाए रखने की सलाह दी।

**इन बच्चों का हुआ सम्मान :** प्रतिभा सम्मान में हायर सेकेंडरी परीक्षा 2023 में विजय कुमार साहू ने 94 प्रतिशत के साथ जिले में प्रथम स्थान, आर्ची हूरा ने 93.4 प्रतिशत के साथ जिले में प्रथम स्थान, क्षमा साहू ने 93 प्रतिशत के साथ जिले में द्वितीय स्थान, कांची वैष्णव ने 92 प्रतिशत के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल परीक्षा 2023 में तृषा सोनवानी और विधि देवांगन ने 96% के साथ विद्यालय में प्रथम, अंशुमान चंद्राकर और उज्जवल वर्मा ने 95.67% के साथ द्वितीय स्थान, जागृति पाटील ने 95.5% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किए, साथ ही स्कूल में 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों जिनमें श्रीति सिंह चंदेल, नीलम साहू, यक्षा परमार, पीयूष पटेल, श्रेया साहू, मौली तिवारी, वैभवी साहू, वीणा साहू, को सम्मानित किया गया।

**स्पोर्ट्स में इन्हें मिला पुरुस्कार :** इसके साथ ही ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिक खेल उत्सव 2023 जिसमे खो-खो सीनियर गर्ल्स डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद हाउस, खो-खो जूनियर बॉय्ज़ महात्मा गांधी हाउस, कबड्डी सीनियर बॉय महात्मा गांधी हाउस, रस्सा-कसी सीनियर गर्ल्स - सुभाष चंद्र बोस हाउस, रस्सा-कसी जूनियर बॉय्ज़ (द्वितीय स्थान) - पंडित जवाहर लाल नेहरू हाउस, क्रिकेट सीनियर बॉय्ज़ महात्मा गांधी हाउस के अलावा व्यक्तिगत खेल स्पर्धा में इत्यादि को ट्रॉफी देकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया।

### बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई। जिसमें नृत्य नाटिकाओं एवं संगीत के द्वारा समाजिक संचेतना हेतु संदेश दिये गये। मुख्य रूप से पर्यावरण सुरक्षा सेवट्री, बचपन की शरारतें, ड्रामा समय का महत्व, छतीसगढ़ी पारंपरिक नृत्य, ड्रामा, साइबर क्राइम, रामायण, कृष्ण भक्ति, स्वच्छ भारत अभियान, वुमेन एम्पोवरमेंट, गर्ल्स एजुकेशन, देशभक्ति का संदेश पालकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

### ये रहे उपस्थित

विद्यालय के संचालक अविनाश तिवारी ने कार्यक्रम के समापन में सभी का आभार जताया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में अनिल महेश्वरी, सुश्री नीतू कोठारी, टी. आर. जनार्दन, अवनीश राघव, राजेंद्र वर्मा, अवधेश पटेल, विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अलका तिवारी, मानवीय शिक्षा शोध संस्थान अछोटी के जीवन विद्या प्रबोधक सुरेंद्र पाल एवं राकेश अग्रवाल के साथ ही शिक्षक शिक्षिकाओं में दीप्ति साहू, दुष्यंत साहू, अमृत साहू, पूरन साहू, कंचन मांझि, राजकुमार साहू, उषा दीवान, सरला पांडे, निर्मला साहू, सविता वैष्णव, राजश्री तिवारी, ममता त्रिपाठी, पूनम सलूजा, बरखा शर्मा, आकांक्षा साहू, विकाश शर्मा, परमेश्वर सिंह, अजय चंद्राकार, प्रिंस सिंह, मोहन यादव, शिवलाल साहू, भूपेंद्र साहू, सुमन घोष, सौरभ पायरा, रवि शंकर वर्मा, एकता सलूजा आदि मौजूद थे।

# मंत्री दयालदास ने किया लोलेसारा मेला स्थल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम लोलेसरा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंथ श्री हुजूर उग्रनाम साहब स्मृति संत समागम मेला का आयोजन हो रहा है। 12 से 15 जनवरी तक होने वाले इस आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री दयाल दास बघेल एवं कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सोमवार क़ो चार दिवसीय आयोजित होने वाले संत समागम मेला स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्था हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधीश ने होने वाले आयोजन के संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

केबिनेट मंत्री ने मेला के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा की मेले में आने वाले लोगों को कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बता दें कि लोलेसरा में होने वाले आयोजन की विशालता का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि प्रदेश से ही नहीं, अन्य प्रदेशों से भी काफी तादाद में कबीर पंथ के अनुयायी शामिल होते हैं, इस आयोजन की चर्चा अब दूर दूर तक होने लगी है कलेक्टर ने मंच व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था आदि की जानकारी ली। मुख्य नगर पालिका अधिकारी बेमेतरा को निर्देश दिए कि वे अपने सफाई कर्मचारियों को मेला स्थल में तैनात करें। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने मेला स्थल मे सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ करने पुलिस अधिकारी क़ो निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती लीना कमलेश मण्डावी, एडीएम डॉ. अनिल बाजपेयी, ए.एस.पी. पंकज पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा सुश्री सुरुचि सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र उपाध्याय, मेला आयोजन समिति के पदाधिकारी विजेंद्र सिंह वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि गण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जंगल कटाई पर बिफरे बैज, कहा- सच हो रहा राहुल गांधी का कथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



हसदेव अरण्य में चल रही जंगल की कटाई का जायजा लेने और वहां चल रहे आंदोलन में शामिल होने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज वहां पहुंचे। उन्होंने कहा, जब विधानसभा के चुनाव हो रहे थे, तब राहुल गांधी ने कहा था कि ईवीएम पर बटन कमल का दबेगा तो वीवीपैट से अडाणी निकलेगा। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही यह कथन सत्य साबित होने लगा है। भाजपा सरकार अडाणी के हितों को सवंर्धित करने के लिए राज्य के जल, जंगल, जमीन, खनिज संपदा को उन्हें सौंपना शुरू कर दिया गया है। जैसे ही भाजपा की सरकार बनी, हसदेव अरण्य क्षेत्र में वनों की अंधाधुंध कटाई शुरू हो चुकी है। 50 हजार से अधिक पेड़ काटे जा चुके हैं। तीन लाख पेड़ कटेंगे। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद अडाणी को फायदा पहुंचाने पेड़ों की कटाई शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपनी सरकार के पाप को छिपाने के लिए कहते हैं, हसदेव में कटाई के आदेश पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने दिए थे। जबकि हकीकत ये है कि यहां पर कटाई के लिए आदेश और पर्यावरण स्वीकृत केंद्र की मोदी सरकार ने दी थी। कांग्रेस सरकार ने इस स्वीकृति को राज्य के स्तर पर निरस्त कर दिया था। केंद्र में भी इसे निरस्त करने के लिए पत्र लिखा था। वन विभाग के अपर सचिव ने भारत सरकार के वन महानिरीक्षक को पत्र लिखकर परसा ओपन कास्ट कोल माइंस कोल उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने तथा वन कटाई के प्रस्ताव को निरस्त करने का अनुरोध किया था।

### पुलिस ने बिलासपुर में रोका कांग्रेस का काफिला

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में रायपुर शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के साथ कई कांग्रेस नेता हसदेव के प्रभावितों से मिलने जा रहे थे। तभी बिलासपुर मार्ग में लिमहा टोल प्लाजा के पास पुलिस प्रशासन ने कांग्रेस नेताओं के काफिले को रोका। इस दौरान उनकी कांग्रेस के नेताओं के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने इन कांग्रेसियों को करीब डेढ़ घंटे रोकने के बाद जाने दिया।

# आर्थिक लाभ के लिए चढ़ा रहे वन की बलि




**रायपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा हसदेव चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत राजधानी के साथ ही अन्य जिलों से भी पार्टी कार्यकर्ता हसदेव पहुंचे। प्रदेश सचिव प्रियंका के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल हसदेव गया। पार्टी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कटाई के दौरान जगह-जगह तैनात पुलिस द्वारा उन्हें रोकने की कोशिश की गई। पुलिस से झड़प के बाद पैदल मार्च करते हुए पार्टी दल सालही ग्राम तक पहुंचा। यहां उन्होंने धरना दिया। आप नेताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों से भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। उन्होंने कहा, आर्थिक लाभ के लिए वृक्षों की बलि चढ़ाई जा रही है। आंदोलन में प्रद्युम्न शर्मा, अजीम खान, शकील खान, लक्ष्मण सहित प्रदेश भर से सैकड़ों आप कार्यकर्ता शामिल हुए।

# श्रीमद भागवत कथा को जीवन में करें आत्मसात : श्यामा किशोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

ब्लॉक के ग्राम संबलपुर में स्व. चैतराम निर्मलकर की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा संगीत मय श्रीमद भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 5 जनवरी से किया गया गया है। इसका समापन 12 जनवरी को वार्षिक श्राद्ध एवं पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा। कथा के यजमान ठाकुर निर्मलकर व नेहा निर्मलकर(संतोष कृषि केंद्र पथरिया वाले ) है। कथा के चौथे दिन श्रीधाम वृन्दावन से पधारे कथावाचिका साध्वी श्यामा किशोरी जी ने प्रहलाद चरित्र, वामन और नृसिंह अवतार की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि अंहकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह धनसंपदा क्षणभंगुर होती है। इसलिए इस जीवन में परोपकार करो। उन्होंने कहा कि अहंकार, गर्व, घृणा से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। ईष्यालु व्यक्ति अपने जीवन में कभी तरक्की नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि यदि अपना उद्धार करना चाहते हो तो परोपकार में अपना जीवन लगाओ, जिससे तुम्हारा कल्याण होगा।

उन्होंने आगे कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है। हमें भागवत कथा सुनने के साथ-साथ उसकी शिक्षाओं पर भी अमल करना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### परगनिहा विधायक प्रतिनिधि मनोनीत

**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने सेक्टर-2 निवासी राजेंद्र परगनिहा को विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। विधायक यादव ने कलेक्टर व भिलाई निगम आयुक्त को पत्र जारी करते हुए बताया कि परगनिहा जिला प्रशासन के बैठक में विधायक की अनुपस्थिति में शामिल होंगे। परगनिहा बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। वे बीएसपी कर्मचारियों और श्रमिकों के हित को लगातार प्रबंधन के समक्ष उठाते रहते हैं निराकरण की दिशा उनके प्रयास सफल भी हुए हैं।

### करबला कमेटी की पहल पर बसा एक घर



**भिलाई।** मोहर्रम करबला कमेटी की पहल से शुक्रवार को एक जोड़े का घर बस गया। जुमे की नमाज के बाद दोपहर 2 बजे कमेटी की पहल पर इस जोड़े का निकाह हुआ। इस जोड़े में लड़का पक्ष घासीदास नगर भिलाई और लड़की पक्ष रायपुर से है। कमेटी ने निकाह के मौके पर घरेलु जरूरत का सामान बतौर तोहफा दिया। कमेटी ने इस निकाह में शामिल होने वालों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर सरपरस्त मंसूर इमदादी वाला रायपुर, ताहिर, वीरेन्द्र सतपथी और अराकीन के लोग शामिल थे।

### मनिंदर को मिली पीएचडी

**भिलाई।** इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के ग्राफिक्स विभाग से मनिंदर सिंह धुन्ना ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। डॉ. रबि नारायण गुप्ता, सहायक प्राध्यापक, ग्राफिक्स विभाग के निर्देशन में मनिंदर सिंह धुन्ना ने 'पारंपरिक प्रिंटमेकिंग पर डिजिटल तकनीकों का प्रभाव' विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। इनके बाह्य परीक्षक प्रो. पराग रॉय,प्राध्यापक, रवींद्र भारती विश्वविद्यालय, कोलकाता ने इस शोध कार्य की प्रशंसा की।



### सोसायटी का ताला टूटा नगदी व सामान पार

**भिलाई।** सोसायटी का ताला तोड़कर नगदी और सामान पार करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। घटना सेक्टर 5 का है। पुलिस ने धारा 457,380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि क्वार्टर 4 डी सड़क एवेन्यू ई सेक्टर-6 निवासी प्रवीण कुमार पटेल देव संस्कार साख सहकारी समिति मर्यादित सेक्टर-5 में शाखा प्रबंधक के पद पर है। उक्त शाखा सेक्टर-5 सड़क-32 क्वार्टर नंबर 01 बी में संचालित है। पीड़ति 4 जनवरी को शाखा बंद कर घर चला गया था। सुबह शाखा पहुचने पर देखा तो बाहर का ताला टूटा था। आलमारी के लॉकर से चोर ने 20 हजार रुपए नगद,एक जोड़ी चांदी का पायल,कुछ पीतल के बर्तन समेत अन्य सामान पार हो गया था।

# मंत्री बृजमोहन से मिले अतिथि व्याख्याता लगाई जॉब सुरक्षा के लिए गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में जॉब सुरक्षा की मांग

प्रदेश के महाविद्यालयीन अतिथि व्याख्याता के प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से भेंट कर जॉब सुरक्षा के लिए गुहार लगाई है। इस संबंध में उन्होंने विभागीय मंत्री को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ के 300 महाविद्यालयों में कार्यरत 2500 महाविद्यालयीन अतिथि व्याख्याताओं ने मध्यप्रदेश की तरह छत्तीसगढ़ में जॉब सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की है। साथ ही कालखण्ड आधारित मानदेय व्यवस्था की जगह एक निश्चित मानदेय दिए जाने की मांग को लेकर विभागीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा। महाविद्यालयीन अतिथि व्याख्याताओं का कहना है, मध्यप्रदेश, हरियाणा जैसे राज्य में अतिथि व्याख्याताओं की स्थिति छत्तीसगढ़ से बेहतर है। मध्यप्रदेश में मासिक वेतन, शासकीय सेवकों के समान अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण की सुविधा दी जा रही है, पर छत्तीसगढ़ में अतिथि व्याख्याताओं के लिए ऐसा कोई नीति-नियम नहीं है। यहां पर उनकी सेवाएं कभी भी समाप्त कर दी जाती हैं। जबकि राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अतिथि शिक्षक जहां पर पदस्थ हैं, वहां पर किसी भी नियमित शिक्षक की सीधी भर्ती, पदोन्नति एवं स्थानांतरण से पदस्थापना नहीं की जानी है। प्रदेश अध्यक्ष लव कुमार ने कहा है, कालखण्ड आधारित मानदेय व्यवस्था को समाप्त कर मासिक वेतन के साथ जॉब सुरक्षा दी जाए।







